प्रेस नोट थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर दिनांक 23.03.2023

हत्या के प्रयास व षड्यंत्र का अपराध कारित करने के आरोप में 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार व घटना में प्रयुक्त अवैध शस्त्र बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा "अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी" के संबंध में चलाये जा रहे अभियान/निर्देश के क्रम में व पुलिस अधीक्षक उत्तरी जनपद गोरखपुर व क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज गोरखपुर के कुशल निर्देशन में महेंद्र कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष सहजनवा व उ0नि0 विनय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी घघसरा मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 159/2023 धारा 307/120बी,147 भादवि0 व 3/25/27 आयुध एक्ट में सम्बंधित अभियुक्तगण 1. रणविजय यादव पुत्र राम प्यारे यादव निवासी सुरदही थाना सहजनवा गोरखपुर 2. दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र स्वर्गीय हरकेश गुप्ता निवासी केशवपुर थाना सहजनवा गोरखपुर 3. रवि यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी बडी सुरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संत कबीर नगर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

घटना का संक्षिप्त विवरण/पूछताछ- दिनांक 19/03/2023 को तान्या किन्नर पुत्री ओमप्रकाश किन्नर निवासी भीमापार थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर को बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से गोली मार दिया गया था। उक्त घटना में सम्मिलित नामजद तथा प्रकाश में आये अज्ञात अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण रामकरन भारती उर्फ प्रिया किन्नर तथा तान्या किन्नर के बीच क्षेत्र बंटवारे को लेकर 6 माह पूर्व काफी विवाद हुआ था उस विवाद में तान्या किन्नर, प्रिया किन्नर का कुछ क्षेत्र अपने हिस्से में ले लिया था इसी बात से प्रिया किन्नर, तान्या किन्नर से नाराज थी। तब तान्या किन्नर को रास्ते से हटाने के लिए प्रिया किन्नर ने अपने गुरु किरन किन्नर से अनुमति लेकर, अपने पुरुष मित्र (कथित पति) रणविजय यादव और तान्या किन्नर के पूर्व ड्राइवर दुर्गेश मद्धेशिया (जिसे फरवरी माह से तान्या ने अपनी ड्राइवरी से निकाल दिया था) तथा दुर्गेश मद्धेशिया के पुराने मित्र रवि यादव पुत्र जगनारायण यादव जो दुर्गेश से ट्रेन में चना बेचते समय करीब 06 वर्ष पहले मिला था व अतुल दूबे (रणविजय का मित्र), संगम, सोनू मिलकर घटना को अन्जाम दिये। घटना के वक्त दुर्गेश मद्धेशिया मोटर साइकिल पल्सर चला रहा था तथा रणविजय यादव पल्सर पर पीछे बैठा था। रणविजय ने ही तान्या किन्नर को जान से मारने के इरादे से पीछे से गोली मार दिया था तथा HF डीलक्स मोटर साइकिल पर अतुल दूबे तथा संगम नामक युवक सवार थे व सुपर स्पलेन्डर मोटर साइकिल पर सोनू व रवि यादव सवार थे जो घटना के समय शामिल थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. रणविजय यादव पुत्र राम प्यारे यादव निवासी सुरदही थाना सहजनवा गोरखपुर
2. दुर्गेश मद्धेशिया पुत्र स्वर्गीय हरकेश गुप्ता निवासी केशवपुर थाना सहजनवा गोरखपुर
3. रवि यादव पुत्र जगनरायण यादव निवासी बडी सुरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संत कबीर नगर

<u>गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-</u>

मु0अ0सं0 159/2023 धारा 307/120बी, 147 भादवि0 व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर

<u>बरामदगी-</u>

1. 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा करतूस, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
2. रेड-ब्लैक कलर की प्लसर मोटर साइकिल

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-</u>

1. उ0नि0 विनय कुमार सिंह चौकी प्रभारी घघसरा थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
2. उपनिरीक्षक सत्यदेव थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
3. आरक्षी अरविन्द कुमार थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
4. आरक्षी शैलेश यादव थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
5. आरक्षी नवीनचन्द शुक्ला थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
6. आरक्षी उदयप्रताप थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर
7. आरक्षी अर्जुन गुप्ता थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर